नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से

मोदी के पांच फैसलों से पाक को करारा जवाब

04 आतंकियों के बारे में अब तक सामने आई हैं जानकारियां | **03** आतंकियों के स्केच भी किए हैं जारी | **20** मिनट तक आतंकियों ने एके-47 से की गोलीबारी | **25** साल में पर्यटकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला | **28** पर्यटकों की आतंकी हमले में कर दी गई निर्मम हत्या

जम्मू, 23 अप्रैल. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश में उबाल है. देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ दिल्ली, मुंबई, भोपाल, पटना, श्रीनगर, जम्मू, आगरा, लखनऊ सहित तक कई शहरों में जबरदस्त प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की है. सुरक्षा एजेंसियां दहशतगर्दों की तलाश में जुटी है. हेलीकॉप्टर, ड्रोन से आतंकियों की तलाश की जा रही है. इस बीच, आतंकी हमले पर नया अपडेट आया है.

पहलगाम हमले में दो पाकिस्तानी दहशतगर्द भी शामिल थे. उनके साथ में दो स्थानीय आतंकी भी थे. अब तक 4 आतंकियों के बारे में जानकारियां सामने आई हैं. सुरक्षा एजेंसियों ने 3 आतंकियों के स्केच भी जारी किए हैं. बायसरन घाटी में हुए हमले में शामिल दो स्थानीय आतंकियों की पहचान कर ली गई है. दो पाकिस्तानी आतंकियों की भी पहचान हुई है. मंगलवार को आतंकियों ने करीब 20 मिनट तक एके-47 से गोलीबारी की थी. स्थानीय आतंकियों के नाम आदिल अहमद ठाकुर और आशिफ शेख बताए जा रहे हैं.

बायसरन घाटी में मंगलवार को आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग पर्यटक घायल हैं. आतंकी हमले के बाद बुधवार सुबह से सेना से लेकर एनआईए, पुलिस और अन्य एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं. ड्रोन और हेलिकॉप्टर से चप्पे-चप्पे पर निगरानी की जा रही है. साथ ही आतंकियों की तलाश की जा रही है. जम्मू कश्मीर से दिल्ली तक हाई अलर्ट जारी है.

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय में अहम बैठक की अध्यक्षता की. इस बैठक में सीडीएस अनिल चौहान और एनएसए अजित डोभाल भी शामिल हुए. इनके अलावा बैठक में थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना चीफ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे. बैठक में जम्मू कश्मीर में सुरक्षा के हालात पर भी बात हुई और रक्षा मंत्री ने सुरक्षा इंतजाम कड़े करने के निर्देश दिए. जिस जगह हमला हुआ, उसके आसपास भी सैनिकों की तैनाती बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जल्द से जल्द हमलावरों को पकड़ा जा सके. यह बैठक करीब तीन घंटे चली.

भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा : शाह

पहलगाम के बैंसरन क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. गृह मंत्री ने हेलीकॉप्टर से इलाके का हवाई निरीक्षण किया. अमित शाह ने श्रीनगर के पुलिस कंट्रोल रूम में पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने 'एक्स' पर कहा, पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को भारी मन से अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा. इस जघन्य कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा.

जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैसरन इलाके में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई. चार से पांच आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की. हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े टीआरएफ ने ली है. पहलगाम का आतंकी हमला बीते 25 साल में पर्यटकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला बताया जा रहा है. हमले के बाद पूरे जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. इस बीच, राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक टीम भी बुधवार को बैंसरन पहुंच गई है. इस टीम का नेतृत्व डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल स्तर के अधिकारी कर रहे हैं. टीम जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर जांच में मदद करेगी. वहीं हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली है. इस हमले ने कश्मीर की शांति प्रक्रिया को चुनौती दी है और केंद्र सरकार की आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति को और मजबूत किया है.

पहलगाम हमले के पीछे क्रॉस बॉर्डर लिंक, पाकिस्तान पर सख्त भारत: पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बुधवार को विदेश मंत्रालय द्वारा की गई ब्रीफिंग में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है. मंत्रालय ने साफ तौर पर बताया कि हमले में क्रॉस बॉर्डर टेरर लिंक पाए गए हैं, जो सीधे तौर पर पाकिस्तान की भूमिका की ओर इशारा करते हैं. इस गंभीर स्थिति के मद्देनजर भारत सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं.

अमेरिका समेत विश्व के नेता आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ

वाशिंगटन. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संदेश में कहा-कश्मीर से बेहद परेशान करने वाली खबर है. अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मजबूती से खड़ा है. हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं.



रूस. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने संदेश में कहा, पहलगाम में आतंकवादी हमले के दुखद परिणामों पर गहरी संवेदना स्वीकार करें, जिसके पीड़ित भारत एवं विभिन्न देशों के नागरिक हैं. इस क्रूर अपराध का कोई औचित्य नहीं है.

सऊदी अरब. भारत और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष लोगों के मारे जाने पर गहरी संवेदना व्यक्त की.

सीएम डॉ. यादव ने अर्पित की श्रद्धांजलि

भोपाल. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मध्यप्रेश के इंदौर के एक निवासी की मृत्यु पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि जल्दी ही पार्थिव देह इंदौर पहुंचेगी. डॉ यादव ने बयान जारी करते हुए कहा कि इस आतंकी हमले में इंदौर निवासी श्री सुशील नाथियल की दुखद मृत्यु हुई है. यह पाकिस्तान की कायराना हरकत है.

मोदी ने सीसीएस में किया जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर विचार

नयी दिल्ली 23 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम के जघन्य आतंकवादी हमले के कारण उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों पर विचार करने के लिए बुधवार देर शाम मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. श्री मोदी ने हवाई अड्डे पर ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ एक बैठक में स्थिति की जानकारी ली थी. सीसीएस की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भाग लिया. इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ दिन में एक बैठक की थी. बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा की गई.

पाकिस्तानी उच्चायोग में पाकिस्तानी सेना, वायुसेना, नौसेना के एडवाइजर्स को अवांछित करार दिया और इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से तीनों सेनाओं के एडवाइजर्स को वापस बुलाया.

ये लिए पांच फैसले

- **पहला:** पाकिस्तान सिंधु जल आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से रोक
- **दूसरा:** अटारी-वाघा बॉर्डर पर आम आवाजाही बंद
- **तीसरा:** किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं
- **चौथा:** पाकिस्तान के उच्चायुक्त को दिल्ली से लौटने के लिए कहा
- **पांचवां:** पाकिस्तान का दूतावास भारत में होगा बंद.

German-engineered for unparalleled performance
Avail exciting benefits on Taigun and Virtus
7-speed DSG and 6-speed manual transmission | Acclaimed 1.0 TSI and 1.5 TSI engine options | Segment-first twin front electric seats
Exceptional sound with in-built amplifier and sub-woofer | Superior build quality with 4-year warranty | 6 Airbags as standard

4 EVER CARE** 4 year Standard Warranty 4 year Road Side Assistance 3 Free Services
GLOBAL NCAP
Exchange through Certified Pre-Owned
Available across GeM, CSD & KPKB
Call 1800 102 0909
volkswagen.co.in

Images are for representation purpose. The dark shade on the glass is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be a part of standard equipment and are subject to change without prior notice. The actual car colour may vary. ^^ Total benefits up to ₹2 50 000 applicable on Taigun GT Plus DSG Chrome (VIN24), inclusive of all benefits, including dealer benefits. #Price mentioned is a special offer price for Virtus, Comfortline inclusive of all benefits. 1% cess extra for Kerala. ** Labour charges free for services applicable on mileage of 1 000, 7 500 and 15 000 kilometers.

Authorised Dealers: Volkswagen Gwalior: 8966905703, 8966905701; **Volkswagen Indore:** 9669694949, 0731-4002201, 0731-4002202; **Volkswagen New City Store Indore:** 8889622289, 9669694947; **Volkswagen DWA Extension Ratlam:** 9669694949, 7869917727; **Volkswagen Bhopal:** 9669697970, 8889677731; **Volkswagen Jabalpur:** 9522669898, 8815108056;**Volkswagen Raipur:** 6262000711, 6262000706; **Volkswagen Bhilai:** 9109170895; **Volkwagen Bilaspur :** 9826140071.